RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 01 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 103 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

## नालासोपारा स्टेशन को बड़ी सौगात...

### नए एलिवेटेड डेक का निर्माण


Page - 2

## मुंबई : 12 अगस्त, 2025 को धारावी में पात्रता सर्वेक्षण समाप्त होगा



**मुंबई :** धारावी में पात्रता सर्वेक्षण 12 अगस्त, 2025 को समाप्त होगा। इस तिथि के बाद सर्वेक्षण दल घर-घर जाना बंद कर देंगे। हालाँकि, गुरुवार को जारी डीआरपी के आधिकारिक बयान के अनुसार, यदि कोई किरायेदार धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) हेल्पलाइन पर संपर्क करता है और वैध दस्तावेजों के साथ धारावी स्थित डीआरपी और एनएमडीपीएल कार्यालयों में जाता है, तो उसे सर्वेक्षण दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा।

# मुंबई : गणेशोत्सव मंडलों पर लगाए गए विवादास्पद 15,000 रुपये के जुर्माने की बढ़ोतरी को वापस लेने की घोषणा

## जुर्माना मूल 2,000 रुपये प्रति गड्ढा ; त्योहार से पहले मंडलों को राहत

**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गणेशोत्सव के दौरान पंडालों के पास गड्ढों के लिए गणेशोत्सव मंडलों पर लगाए गए विवादास्पद 15,000 रुपये के जुमार्ने की बढ़ोतरी को वापस लेने की घोषणा की। नगर आयुक्त भूषण गगरानी के साथ चर्चा के बाद, शिंदे ने निर्देश दिया कि जुमार्ना मूल 2,000 रुपये प्रति गड्ढा ही रहे, जिससे त्योहार से पहले मंडलों को राहत मिली।

पर एक पोस्ट में, शिंदे ने कहा, ह्लआयुक्त के साथ इस मामले पर चर्चा करने के बाद, मैंने निर्देश दिया है कि





जुमार्ना नहीं बढ़ाया जाना चाहिए ह्व उन्होंने मंडलों से कंक्रीट की सड़कें खोदने से बचने और बुनियादी ढांचे को कम से कम नुकसान पहुंचाने के लिए पंडाल लगाने के आधुनिक, गैर-आक्रामक तरीकों को अपनाने का भी आग्रह किया। यह निर्णय राज्य के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के हस्तक्षेप के बाद आया, जिन्होंने बुधवार को मंडलों को आश्वासन दिया कि जुमार्ना कम किया जाएगा और इस मामले को बीएमसी आयुक्त के समक्ष उठाने का वादा किया।

## माहिम में छात्र के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद माता-पिता ने पैराडाइज थिएटर के सामने ट्रैफिक सिग्नल की मांग की



**मुंबई :** माहिम पश्चिम में पैराडाइज थिएटर के पास सड़क पार कर रहे एक स्कूल के छात्र को दुर्घटना में मामूली चोट आई, अन्य बच्चों के अभिभावकों ने ट्रैफिक सिग्नल की मांग करते हुए वाहनों को रोककर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, माहिम पुलिस स्टेशन के अधिकारी मौके पर आए और आश्वासन दिया कि ट्रैफिक सिग्नल को मंजूरी के लिए भेज दिया गया है और आगामी दिनों में इसे लगा दिया जाएगा।

## मुंबई : 16 वर्षीय लड़के का अपहरण; पिता से कर्ज.वसूलने के लिए उस पर बेरहमी से हमला करने के आरोप में 28 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई :** चूनाभट्टी पुलिस ने एक 28 वर्षीय व्यक्ति को 16 वर्षीय लड़के का अपहरण करने और उसके पिता से कर्ज. वसूलने के लिए उस पर बेरहमी से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कथित तौर पर नाबालिग को बंदी बनाकर रखा और पैसे न चुकाने पर बार-बार उसकी किडनी बेचने की धमकी दी। यह भयावह घटना तब सामने आई जब पीड़ित के पिता, उत्तर प्रदेश के चटाई विक्रेता, 46 वर्षीय मोहम्मद कासिम यूनुस खान ने चूनाभट्टी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। ठाणे के मुंब्रा में अपने परिवार के साथ रहने वाले खान ने अगस्त 2024 में डिलीवरी बॉय अरबाज सिद्दीकी नामक आरोपी से 80,000 रुपये उधार लिए थे।



एफआईआर के अनुसार, खान अपने पैतृक गाँव से छुट्टियाँ बिताकर अभी-अभी मुंबई लौटा था। 22 जुलाई को, कुर्ला पूर्व में घर की तलाश करते समय, खान का 16 वर्षीय बेटा अचानक लापता हो गया। लड़के से संपर्क करने के सभी प्रयास व्यर्थ रहे क्योंकि उसका फोन बंद था।

## मुंबई : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी को 1.75 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया



**मुंबई :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी को 1.75 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत उसने एलपीजी एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के बदले मांगी थी। एक अधिकारी ने बताया कि कार्यालय की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने उसके बैग से 10 लाख रुपये नकद बरामद किए।

उन्होंने बताया कि आरोपी विनायक वसंत निकम को एसीबी मुंबई ने दक्षिण मुंबई के चर्चगेट इलाके में स्थित उसके कार्यालय में पकड़ा। उन्होंने बताया कि विभाग के मुख्य निरीक्षण अधिकारी के पद पर तैनात निकम को अपराध में उसकी भूमिका साबित होने के बाद एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया।

## लावारिस वाहनों से यातायात बाधित... तीन हजार वाहनों का मालिक कौन है?

**मुंबई :** सड़कों के किनारे खड़े लावारिस वाहनों से ट्रैफिक की बड़ी समस्या हो रही है। मुंबई में लगभग तीन हजार लावारिस वाहन सड़क किनारे खड़े हैं इस तरह का आंकड़ा मनपा के दवारा ही दिया गया है। लावारिस वाहनों से न सिर्फ पैदल चलने वालों को मुश्किल होती है बल्की अन्य वाहन चालकों को भी



असुविधा होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए मुंबई मनपा द्वारा ट्रैफिक पुलिस और नियुक्त ठेकेदारों की मदद से कार्रवाई की जा रही है।

पिछले कुछ महीनों में करीब तीन हजार ऐसे वाहन टो किए गए हैं। यदि उनके मालिक आगे नहीं आते तो इन वाहनों को कबाड़ घोषित कर नीलाम किया जाएगा। अनेक वाहन पुलों के नीचे या सड़कों के किनारे महीनों से खड़े रहते हैं और उनके मालिकों ने उन पर ध्यान भी नहीं दिया है। इससे यातायात में रुकावट, बारिश में पानी भरना, गंदगी और मच्छरों की समस्या पैदा होती है। मनपा और ट्रैफिक पुलिस मिलकर टोइंग वाहनों की मदद से इन्हें हटाने का कार्य कर रही है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 01 अगस्त 2025


## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### ट्रंप ने थोपा टैरिफ...

यदि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना बयान नहीं बदला, तो आज (1 अगस्त) से ही अमरीका निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों, वस्तुओं और सेवाओं पर 25 फीसदी टैरिफ लग जाएगा। टैरिफ के साथ-साथ जुमार्ने की भी घोषणा की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह घोषणा तब की है, जब भारत-अमरीका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत अंतिम चरण में है। अगस्त में ह्यअंतरिम समझौतेह्न के सामने आने की भी संभावनाएं हैं। बुनियादी पेंच कृषि, डेयरी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन आदि को लेकर फंसा है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, उद्यमों के हितों के मद्देनजर ये क्षेत्र व्यापार के लिए पूरी तरह खोलना नहीं चाहता अथवा शुल्क को कम करने को भी तैयार नहीं है, लेकिन अमरीका आमादा है कि उसे भी इन क्षेत्रों में कारोबार करने की अनुमति दी जाए। अमरीकी टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था पर कितने और क्या प्रभाव पड़ेंगे, उसकी समीक्षा सरकार ने शुरू कर दी है। बहरहाल अमरीकी रुख में कई विरोधाभास रहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर भारत और प्रधानमंत्री मोदी को ह्यदोस्तह्न और रणनीतिक साझेदार कहते नहीं थकते। दूसरी ओर व्यापार समझौते के विमर्श के बावजूद 25 फीसदी टैरिफ थोपने का बयान दिया है। आखिर भारत के लिए अमरीका के किस किरदार को स्वीकार किया जाए? बीते वित्त वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का कारोबार किया गया। अमरीका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में भारत ने 7.51 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया और अमरीका से 3.52 लाख करोड़ रुपए का आयात किया। भारत मुनाफे की स्थिति में है। दरअसल अमरीका सबसे ज्यादा रूस के साथ भारत के तेल और हथियारों के व्यापार पर बहुत चिढ़ता है। राष्ट्रपति ट्रंप का बार-बार कहना है कि भारत के साथ अमरीका का कारोबार कम हुआ है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है। अमरीका उसे संतुलित करना चाहता है। भारत रूस से कच्चा तेल 15-20 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर खरीदता है।

नतीजतन 2023 में 10 अरब डॉलर की बचत हुई। 2024 में भारत ने करीब 43 फीसदी तेल रूस से खरीदा। रूस से ही हर साल 2-3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण भारत खरीदता है। बीते 10 साल में जरूरत का 70 फीसदी सामान रूस से ही खरीदा गया, जबकि 2008 के बाद अमरीका से 24 अरब डॉलर के रक्षा-सौदे हुए। बहरहाल अमरीकी टैरिफ से भारत का निर्यात जरूर प्रभावित होगा। सबसे अधिक प्रभावित फार्मा क्षेत्र होगा, जो 8.1 अरब डॉलर का निर्यात करता है। अमरीका 40 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से ही लेता है। 2025 में निर्यात 85,000 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा, टेलीकॉम उपकरण, हीरे, रत्न, कीमती पत्थर, सोना और जेवरात, कपड़े, लोहा और इस्पात, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रो केमिकल, ऑर्गेनिक केमिकल आदि का अरबों डॉलर में निर्यात अमरीका को किया जाता है।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# नालासोपारा स्टेशन को बड़ी सौगात...
## नए एलिवेटेड डेक का निर्माण

**मुंबई** : पश्चिम लोकल टेन नेटवर्क के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक, नालासोपारा स्टेशन को बड़ी सौगात मिली है। नालासोपारा स्टेशन को मुंबई शहरी परिवहन परियोजना 3अ के तहत एक नए एलिवेटेड डेक का निर्माण किया गया है। पालघर के नालासोपारा स्टेशन पर बने नए एलिवेटेड डेक के खुलने से यात्रियों को आवाजाही में बहुत आसानी होगी। मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने हाल ही में प्लेटफॉर्म नंबर एक पर 95 मीटर लंबा और 11.5 मीटर चौड़ा एक एलिवेटेड डेक बनाया है। यह नई संरचना दो सबसे दक्षिणी फुट ओवरब्रिज को जोड़ती है, जिससे स्टेशन पर भीड़ कम होगी और यात्रियों का आवागमन सुगम होगा। इस स्टेशन पर प्रतिदिन 1.83 लाख यात्री आते हैं और लगभग 440 उपनगरीय ट्रेनें यहाँ से गुजरती हैं।



75 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया एलिवेटेड डेक एक अधिकारी के अनुसार, यह डेक नालासोपारा स्टेशन पर लगभग 75 करोड़ रुपये की स्टेशन सुधार योजना का हिस्सा है। भविष्य की योजनाओं में सभी प्लेटफॉर्म को जोड़ने वाला एक दूसरा एलिवेटेड डेक, पश्चिमी तरफ एक नया होम प्लेटफॉर्म, चार अतिरिक्त एस्केलेटर और तीन लिफ्ट शामिल हैं। इन सभी का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा और पहुंच को बढ़ाना है।

सबसे व्यस्त स्टेशन पर भीड़ होगी कम MRVC के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुनील जी उदासी ने कहा, ''यह नया एलिवेटेड डेक मुंबई के उपनगरीय नेटवर्क में यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' उन्होंने कहा कि ''हम न केवल पश्चिमी लाइन के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक पर भीड़ कम कर रहे हैं, बल्कि शहर के रेल यूजर्स के लिए सुरक्षित, अधिक सुलभ और यात्री-केंद्रित बुनियादी ढांचा प्रदान करने की MRVC की MUTP 3अ के तहत प्रतिबद्धता को भी पूरा कर रहे हैं।''

अन्य स्टेशनों को भी किया जाएगा अपग्रेड नालासोपारा स्टेशन का पुनर्विकास MUTP 3A के तहत किए जा रहे 17 स्टेशन में से एक है। 947 करोड़ रुपये की यह पहल मुंबई के उपनगरीय रेल प्रणाली के हाई ट्रैफिक वाले स्टेशनों को बदलने के उद्देश्य से की जा रही है। पश्चिमी लाइन पर सात स्टेशनों - खार रोड (पहले ही पूरा हो चुका), सांताक्रूज, कांदिवली, मीरा रोड, भायंदर, वसई और नालासोपारा - का अपग्रेड किया जा रहा है। सेंट्रल और हार्बर लाइनों पर दस स्टेशन - कसारा, नेरल, डोम्बिवली, मुलुंड, भांडुप, घाटकोपर, गोवंडी, मानखुर्द, चेंबूर और गुरु तेग बहादुर नगर - भी पुनर्विकास योजना का हिस्सा हैं। MUTP 3A के तहत व्यापक उन्नयन में चौड़े प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक टिकट प्रणाली, उन्नत सुरक्षा प्रणाली, नए FOB, एस्केलेटर और लिफ्ट शामिल हैं। इन सभी उपायों का उद्देश्य मुंबई महानगर क्षेत्र में सुरक्षित, अधिक कुशल और यात्री-अनुकूल रेलवे केंद्र बनाना है।

# एयरपोर्ट पर 8 करोड़ रूपए की अवैध ड्रग्स पकड़ी



**मुंबई** : मुंबई एयरपोर्ट पर कमिश्नरेट कस्टम्स के अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई की है। दो अलग-अलग मामलों में अधिकारियों ने 8 करोड़ रूपए की अवैध ड्रग्स पकड़ी है। साथ ही चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि तीन यात्रियों के बैग से दो करोड़ की कीमत वाली हाइड्रोपोनिक वीड और एक आरोप के बैग से छह करोड़ रूपए की वीड जब्त की गई। पुलिस ने ये कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को की है। एयरपोर्ट के जोन-III के अधिकारियों ने 29 और 30 जुलाई 2025 को ड्यूटी के समय नारकोटिक्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 8.012 किलो हाइड्रोपोनिक वीड को पकड़ा है। इसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 8 करोड़ रुपयए बताई जा रही है। ये कार्रवाई अलग-अलग मामलों में की गई हैं। इस दौरान चार आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। बैंकॉक से आए तीन यात्री पुलिस को खुफिया सूचना मिलने के बाद छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम अधिकारियों ने विज एयर की फ्लाइट VZ760 से बैंकॉक से आए तीन संदिग्ध यात्रियों को धरदबोचा। इसके बाद उनके बैग की जांच की गई। उसमें पुलिस को 1.990 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड मिली। इसकी कीमत करीब 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है। आरोपियों ने ड्रग्स को ट्रॉली बैग के अंदर काले और पारदर्शी वैक्यूम सील पैकेट्स में छिपाया गया था। सभी यात्रियों को ठउ्रढ धारा, 1985 के अंतर्गत अरेस्ट किया गया है। यह भी पढ़े -मुंबई राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने लोगों को किया जागरूक

### इंडिगो फ्लाइट से यात्रा

आरोपी इस मामले में पुलिस ने प्रोफाइलिंग के तहत पकड़ा है। ये यात्री इंडिगो की फ्लाइट 6ए1060 से बैंकॉक से आया था। इसके बाद उसे रोककर बैग चेक किया। इस दौरान उसके पास से 6.022 किलो हाइड्रोपोनिक वीड को बरामद किया। इसकी कीमत मार्केट में करीब 6 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ये आरोपी ड्रग्स बहुत शातिर तरीके से बैग के भीतर छिपाकर लाया था। इसे भी ठउ्रढ एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# तबेलों को मुंबई से बाहर करने की मुहिम फिर हुई तेज
## मनपा जल्द करेगी कठोर कार्रवाई!



**मुंबई** : हाईकोर्ट के आदेश के बाद मनपा प्रशासन गाय-भैंस के तबेलों को मुंबई से बाहर करने की मुहिम फिर से तेज कर दी है। इससे पहले जब मनपा ने कार्रवाई शुरू की थी, तब संबंधित संगठनों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन कोर्ट ने तबेलों को मुंबई से बाहर करने का पुराने आदेश को जस का तस रखा। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने कोर्ट के आदेश के बाद संबंधित विभाग को आगे की कार्रवाई के निर्देश दिया है।इसके तहत मुंबई के तबेलों को पालघर जिले के दापचेरी क्षेत्र में स्थानांतरित करने की योजना पर काम शुरू किया गया है। बता दें कि 2005 से पहले तबेलों को लाइसेंस दिया जाता था, लेकिन 26 जुलाई 2005 को आए भयानक बाढ़ में कई तबेलों में सैकड़ों जानवरों की मौत हो गई थी। इसके बाद शहर में तबेले न रखने की मांग जोर पकड़ने लगी और मनपा ने भी तबेलों के लिए लाइसेंस देना बंद कर दिया था। अधिकांश तबेले जिलाधिकारी की सीमा में आने वाली जमीनों पर बने हुए हैं। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि इन जमीनों से तबेले हटाने की जिम्मेदारी मनपा की है और उसे ही कार्रवाई करनी होगी। इसके बाद मनपा ने शहर को तबेला मुक्त बनाने की योजना को गति दी। मुंबई में इस समय कुल 263 तबेले हैं, जिनमें से 59 लाइसेंसधारी और 204 बिना लाइसेंस वाले हैं। इनमें कुल 9,959 गाय और भैंस रखी गई हैं। इन सभी तबेलों को हटाने के लिए मनपा ने पहले नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन तबेला मालिकों और मुंबई मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन जैसे संगठनों ने इसका विरोध करते हुए मामला अदालत में ले गए। 15 जुलाई को अदालत ने मनपा को आगे की कार्रवाई करने की अनुमति दी।

## भिवंडी: सड़क पर बने गहरे गड्ढे में गिरने की वजह से मौत आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर किया चक्का जाम




**भिवंडी:** महाराष्ट्र के भिवंडी में खस्ताहाल सड़कों ने एक युवक की जान ले ली. दरअसल, 18 वर्षीय युवक यश राजेश मोरे जो कवाड़, मडकचा पाड़ा का निवासी है की मौत सड़क पर बने गहरे गड्ढे में गिरने की वजह से हो गई. हादसे के बाद युवक को इलाज के लिए अस्तपाल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. युवक की मौत से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम किया. प्रदर्शनकारियों ने ठेकेदार और सड़क से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क लंबे वक्त से खराब है और उसपर जगह-जगह गड्ढे हैं लेकिन कई बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन ने इसे ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया.

अब उनकी इस लापरवाही के कारण एक मासूम की जान चली गई है और लोगों का गुस्सा फूट रहा है. लोगों के प्रदर्शन के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है और मौके पर पुलिस को तैनात करना पड़ा है. प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि जब तक दोषियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती तब तक वो शांत नहीं बैठेंगे.

# मुंबई के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का नाम लेकर महिला से ₹4 लाख रुपए की साइबर ठगी

**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में घाटकोपर इलाके में मुंबई के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का नाम लेकर महिला के साथ साइबर ठगी की घटना सामने आई है। पुलिस की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई के घाटकोपर इलाके में रहने वाली एक महिला के साथ साइबर ठगों ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर बातचीत की और उससे ₹4 लाख रुपए की ठगी कर ली। फोन करने वाले ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस का डीसीपी दया नाईक और प्रमोद वर्मा बताया है। इसके अलावा साइबर ठगों ने यह भी दावा किया कि इस मामले में सीबीआई अधिकारी रश्मि शुक्ला खुद जांच करेंगी। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग कर साइबर ठगी के इस मामले ने सभी को हैरान कर दिया है।



साइबर धोखाधड़ी के एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मुंबई के घाटकोपर की एक 40 वर्षीय महिला साइबर ठगों का शिकार हो गई। आरोपियों ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया और आपराधिक जांच के बहाने उसपर 4 लाख रुपये ट्रांसफर करने के लिए दबाव डाला। इस दौरान आरोपियों ने मुंबई पुलिस के बड़े पुलिस अधिकारियों का नाम लिया और उनके गलत डेजिग्नेशन के साथ खुद को महिला के सामने पेश किया।

**कैसे हुई ठगी?**

अंधेरी में काम करने वाली शिकायतकर्ता को 19 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि उसके आधार कार्ड का दुरुपयोग कई बैंक खाते खोलने के लिए किया गया है, और वह कथित तौर पर एक वित्तीय अपराध में शामिल है। इसके बाद जालसाजों ने अपनी चाल को और आगे बढ़ाते हुए एक वीडियो कॉल शुरू की, जिसमें पुलिस की वर्दी पहने दो लोगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का डीसीपी दया नायक और प्रमोद वर्मा बताया। उन्होंने महिला को सख्त कार्रवाई की धमकी देकर धमकाया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, सीबीआई जांच और तुरंत गिरफ़्तारी भी शामिल थी। महिला को बताया गया कि उसके डॉक्यूमेंट का उपयोग नरेश गोयल के केस में गलत तरीके से किया जा रहा है।

**पुलिस के पास जाने से कैसे रोका?**

महिला से कहा गया कि हो सकता है, स्थानीय पुलिस और बैंक मैनेजर इस घोटाले में शामिल हो इसलिए उसे पुलिस स्टेशन जाने से रोक लिया गया और आरोपियों ने दावा किया कि इसके आगे की जांच सीबीआई अधिकारी रश्मि शुक्ला करेंगे। अगले दिन उन्होंने दूसरे नंबर से महिला को फोन किया उस दौरान पुलिस की वर्दी में कई लोग उसके सामने बैठे थे। ये सभी ठगों का एक समूह था। महिला ने दबाव में आकर ₹4 लाख ट्रांसफर भी कर दिए। साइबर ठगों ने महिला से और भी कई प्रकार के अलग-अलग झूठ बोले। पुलिस ने इस मामले में पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस रजिस्टर किया है।

# मुंबई: हजारों निजी सुरक्षा एजेंसियों पर अब सरकार की गाज, मानक कार्यप्रणाली जारी

**मुंबई:** राज्य में बगैर किसी मान्यता और अधूरी ट्रेनिंग के चल रही हजारों निजी सुरक्षा एजेंसियों पर अब सरकार की गाज गिरने वाली है। महायुति सरकार ने निजी सुरक्षा रक्षक और पर्यवेक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं के लिए सख्त नियम लागू करते हुए मानक कार्यप्रणाली जारी कर दी है। इसके तहत अब किसी भी संस्था को तब तक लाइसेंस नहीं मिलेगा, जब तक वह तयशुदा प्रशिक्षण, योग्य प्रशिक्षक, आधारभूत सुविधा और प्रमाणपत्र प्रक्रिया का कड़ाई से पालन नहीं करती। सरकार के इस निर्णय से जहां गुणवत्ता बढ़ने की उम्मीद है, वहीं नियमों पर खरी न उतरने वाली सैकड़ों एजेंसियों के बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। इससे हजारों गार्ड्स की नौकरियों पर भी संकट के बादल घिरते दिख रहे हैं। इसे लेकर निजी सुरक्षा मुहैया कराने वाली कई एजेंसियों के चालकों में चिंता की लहर दौड़ पड़ी है।



उल्लेखनीय है कि निजी सुरक्षा रक्षकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करने वाली संस्थाओं के लिए महायुति सरकार ने अब सख्ती का रास्ता अपनाया है। गृह विभाग ने कल से मानक कार्यप्रणाली लागू कर दी है, जो पूरे राज्य में तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। इसके तहत अब बिना निर्धारित ट्रेनिंग, बुनियादी सुविधाएं, प्रशिक्षकों की पात्रता और वैध दस्तावेजों के कोई भी संस्थान न तो लाइसेंस पा सकेगा और न ही उसका नवीनीकरण किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश में बताया गया है कि गृह विभाग के विशेष प्रधान सचिव ही अब पूरे राज्य में इन संस्थानों को लाइसेंस देने के लिए नियंत्रण प्राधिकारी होंगे। इस आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो संस्थाएं बिना लाइसेंस के चल रही हैं, उन्हें छह महीने की मोहलत दी जाएगी। इसके बाद पीएसएआर अधिनियम की धारा २०(२) के तहत २५,००० रुपए तक जुर्माना और लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई तक होगी। सुरक्षा मुहैया करानेवाली एजेंसियों को अब सभी प्रशिक्षण संस्थानों को हर तीन महीने में सफल प्रशिक्षुओं की सूची भेजनी होगी और सभी अभिलेख कम से कम तीन साल तक सुरक्षित रखने होंगे। साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक या जोनल डीसीपी द्वारा साल में दो बार औचक निरीक्षण होगा।

# मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष बनने के दो साल बाद भी कार्यकारिणी नहीं बना सकी वर्षा गायकवाड़

**मुंबई:** दिल्ली कांग्रेस हाईकमान ने महाराष्ट्र की नई प्रदेश कार्यकारिणी को हरी झंडी दे दी है। लेकिन मुंबई कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का अब तक न कोई अता है, और न कोई पता है। वर्षा गायकवाड़ के मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष बनने के दो साल बाद भी वे अपनी कार्यकारिणी नहीं बना सकी है। इधर, हर्षवर्धन सपकाल के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्त के पांच महीने के अंदर ही उन्हें जंबो कार्यकारिणी मिल गई। उनकी नई कार्यकारिणी में मुंबई के जाकिर अहमद, राजन भोसले, राजेश शर्मा, भावना जैन को स्थान मिला है, लेकिन अमरजीत सिंह मनहास को कोषाध्यक्ष पद से मुक्ति दे दी गई है। माना जा रहा है पार्टी मनहास को वर्षा गायकवाड की जगह मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे सकती है।




**वर्षा गायकवाड़ को अध्यक्ष के तौर पर दो साल पूरे**

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाले हुए वर्षा गायकवाड़ को दो साल पूरे हो गए, लेकिन अब तक वे अपनी नई कार्यकारिणी नहीं बना सकी। हां, अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने अपनी नई कार्यकारिणी की लिस्ट दिल्ली हाईकमान के पास भेजी जरूर थी, लेकिन उसे मंजूरी नहीं मिली। दिल्ली की सहमति के बाद वे अपने 10-12 करीबी लोगों को कार्यकारिणी में शामिल करने में जरूर सफल हुई थी। फिर लोकसभा चुनाव से पहले और विधानसभा चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी की लिस्ट बनाकर दिल्ली हाईकमान को भेजी थी। उसे भी दिल्ली ने लटका रखा है। आज भी वर्षा गायकवाड को पूर्व अध्यक्ष भाई जगताप की बनाई कार्यकारिणी से ही काम चलाना पड़ रहा है।

**मुंबई कांग्रेस में 'वर्षा हटाओ, कांग्रेस बचाओ' की गूंज**

दरअसल, वर्षा गायकवाड के कामकाज से पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीम खान, चंद्रकांत हंडोरे, पूर्व अध्यक्ष भाई जगताप, सुरेश शेट्टी, अमरजीत सिंह मनहास, बलदेव खोसा, चरण सिंह सप्रा, मधु चव्हाण जैसे अन्य वरिष्ठ नेता नाराज है। उन्होंने समय-समय पर अपनी नाराजगी से दिल्ली हाईकमान को अवगत कराया है। इधर, मनसे के हिंदी विरोधी अभियान में मुंबई कांग्रेस की भूमिका के चलते हिंदी भाषी समाज भी नाराज है। मुंबई कांग्रेस में 'वर्षा हटाओ, कांग्रेस बचाओ' की गूंज सुनाई दे रही है।

# मुंबई : कनार्ला नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड धोखाधड़ी, 386 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति नीलाम करने का आदेश

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई यूनिट ने पनवेल के कनार्ला नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड धोखाधड़ी मामले में 386 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति सक्षम प्राधिकारी, एमपीआईडी (महाराष्ट्र सरकार द्वारा नियुक्त) को वापस कर दी है, ताकि इसे बैंक के उन जमाकर्ताओं के बीच वितरित किया जा सके, जिन्होंने अपना पैसा खो दिया है। ईडी की जांच में पता चला है कि जालसाजी और धोखाधड़ी के अपराध से अर्जित आय विवेकानंद शंकर पाटील और उनके रिश्तेदारों द्वारा नियंत्रित विभिन्न संस्थाओं में स्थानांतरित कर दी गई थी। उन्होंने कनार्ला नागरी सहकारी बैंक




लिमिटेड से निकाली गई धनराशि का उपयोग विभिन्न संपत्तियां और परिसंपत्तियां खरीदने के लिए किया था। अपराध से प्राप्त इस राशि का उपयोग महाराष्ट्र के रायगड जिले में विभिन्न स्थानों पर अचल संपत्ति खरीदने में किया गया था। 386 करोड़ रुपए मूल्य की ये संपत्तियां धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 5 के तहत 17 अगस्त 2021 और 12 अक्टूबर 2023 को कुर्क की गई थीं। इस बीच आरबीआई द्वारा नियुक्त परिसमापक ने पीएमएलए की धारा 8(8) के तहत विशेष न्यायालय में इसकी वापसी के लिए एक आवेदन दायर किया, जिस पर ईडी ने सहमति दे दी है।

# मुंबई की सड़कों पर अब तक पड़ चुके हैं 7083 गड्ढे...

**मुंबई :** इस मानसून के दौरान मुंबई की सड़कों पर कुल 7,083 गड्ढों की शिकायत आम नागरिकों के द्वारा मनपा को मिल चुकी है। नागरिकों की शिकायतों के अलावा कितने गड्ढे सड़क पर होंगे गिनती नहीं है। मुंबई की सड़कों पर इतने गड्ढों की । संख्या उस समय सामने आई है जब 50 प्रतिशत से अधिक सड़कें सीमेंट कंक्रीट बन चुकी हैं, जबकि 40 प्रतिशत सड़क का काम सीमेंट कंक्रीट का चल रहा है, जिसकी मरम्मत की जिम्मेदारी ठेकेदार पर है। मनपा की वेबसाइट पर गड्ढों को लेकर आने वाली शिकायत में 30 जुलाई तक 7,083 गड्ढों की शिकायत आम नागरिकों से मिल चुकी है। इनमें से 5,710 शिकायतों का समाधान गड्ढे की मरम्मत कर किया जा चुका है, जबकि 1,373 गड्ढों की मरम्मत का कार्य अभी जारी है। गड्ढों को लेकर ज्यादा शिकायतें एस वॉर्ड से दर्ज की गई हैं, जिसमें पवई और भांडुप के कुछ हिस्से आते हैं। यस वार्ड में कुल 1,445 गड्ढों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस साल मनपा ने 'माय पॉटहोल क्विक फिक्स' नाम का ऐप लॉन्च किया है। जिस पर नागरिक



गड्ढों से संबंधित शिकायतें सीधे दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया, व्हाट्सएप चैटबॉट और आपदा प्रबंधन हेल्पलाइन नंबर 1916 के माध्यम से भी शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं। शिकायत मिलने के बाद मनपा का लक्ष्य होता है कि 24 से 48 घंटे के भीतर गड्ढों को भरा जाए। गड्ढों की मरम्मत के लिए इस साल मनपा ने हर वार्ड में दो मॅस्टिक कुकर तैनात किए हैं। एक 9 मीटर से बड़े गड्ढों के लिए और दूसरा छोटे गड्ढों के लिए। एस वॉर्ड के बाद सबसे अधिक 643 शिकायत के पश्चिम वार्ड से दर्ज की गई हैं जिसमें अंधेरी, जुहू और ओशिवरा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इनमें से 583 शिकायतों को हल किया गया है, 56 पर काम जारी है और 5 शिकायतें समीक्षा के अधीन हैं। तीसरे स्थान पर मुलुंड है जहां अब तक 582 शिकायतें दर्ज की गई हैं। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर डामर या पेवर ब्लॉक सड़कों से मिल रही हैं, जिन्हें मॅस्टिक पद्धति से ठीक किया जा रहा है। इस बीच 26 जुलाई 2025 को अंधेरी ईस्ट के जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड पर एक 59 वर्षीय व्यक्ति, लालू गंगाराम कांबळे की गड्ढे के कारण मौत हो गई। उनका स्कूटर एक गहरे गड्ढे से टकरा गया, जिससे वे नियंत्रण खो बैठे और पीछे से आ रहे डंपर की चपेट में आ गए। यह मुंबई में 2025 में गड्ढे से संबंधित पहली मौत थी।

## गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के लिए जल्द कटेंगे 95 पेड़

### जापान से टीबीएम मशीन की आई 90 प्रतिशत सामग्री



**मुंबई :** मनपा के महत्वाकांक्षी गोरे-गांव-मुलुंड लिंक रोड परियोजना के लिए इस्तेमाल होने वाली पहली टनल बोरिंग मशीन का लगभग 90% हिस्सा जापान से मुंबई पहुंच चुक है। अंडर ग्राउंड बनाने वाले रास्ते की खुदाई की शुरूआत फिल्म सिटी के पास होगी। जिसके लिए 95 पेड़ शुरूआत में काटा जाना निश्चित हुआ है। टनल बोरिंग मशीन का शाफ्ट निर्माण कार्य स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर जमा किया गया हैं।

95 पेड़ काटने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिल चुकी है। मनपा अधिकारियों ने बताया कि भले ही सुप्रीम कोर्ट से 95 पेड़ों की कटाई को लेकर सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन खुदाई कार्य शुरू करने के लिए इन पेड़ों को काटने की औपचारिक अनुमति अभी जरूरी है। गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड का निर्माण सुरंग के माध्यम से किया जाएगा। सुरंग बनाने के लिए एक 200 मीटर लंबा, 50 मीटर चौड़ा और 35 मीटर गहरा गड्ढा खोदना जरूरी है। जिसमें टीबीएम को उतारकर सुरंग निर्माण की शुरूआत किया जाएगा। गड्ढे का निर्माण के लिए जमीन खाली करनी पड़ेगी जिसके लिए 95 पेड़ों की कटाई जरूरी बताया गया है। इस पूरे प्रो-जेक्ट के लिए कुल 1,094 पेड़ों को हटाना प्रस्तावित है।

## अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर मनपा की सख्ती से मचा हड़कंप

**भिवंडी :** भिवंडी शहर में तेजी से फैलते अवैध निर्माणों पर नकेल कसते हुए भिवंडी शहर महानगरपालिका (मनपा) ने बुधवार को नया गौरीपाड़ा स्थित घर नंबर 553 पर निर्माणाधीन अवैध आरसीसी इमारत को तोड़ने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई प्रभाग समिति क्रमांक 4 के अंतर्गत की गई, जहां लगातार मिल रही शिकायतों और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बाद मनपा ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। मनपा के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर, अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके तथा अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त विक्रम दराडे के आदेश पर 29 जुलाई को यह कार्रवाई की गई। इस अभियान का नेतृत्व प्रभाग समिति क्रमांक 4 के प्रभारी सहायक आयुक्त गिरीश घोष्टेकर ने किया। मौके पर बिट निरीक्षक प्रकाश सपकाले, संदीप चौहान, मनपा कर्मचारी और ठेकेदारों की टीम मौजूद थी। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए भोईवाडा पुलिस स्टेशन की ओर से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## ठाणे जिले के सभी जिप स्कूलों में लगेंगे सीसीटीवी...

### ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने दी जानकारी

**मुंबई :** पिछले साल बदलापुर के एक स्कूल में पढ़ने वाली दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुए यौन उत्पीड़न के बाद राज्य सरकार ने ठाणे जिले के सभी जिला परिषद स्कूलों की कक्षाओं में सीसीटीवी लगाने का फैसला किया है। बुधवार को इस बात की जानकारी ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने दी।



गोरे की अध्यक्षता में मंत्रालय में ठाणे जिले के जिला परिषदों ने स्कूलों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी छात्रों की सुरक्षा और स्कूल में गुणवत्ता प्रबंधन के लिए उपयोगी साबित होंगे, इसलिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीसीटीवी लगाने की योजना बनाएं। स्कूलों की मरम्मत का काम प्राथमिकता से पूरा किया जाना चाहिए, इसके लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। ठाणे जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क विकास और आवास योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है और उन्होंने निर्देश दिया कि आने वाले दिनों में लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तेज गति से काम किया जाए।

गोरे ने ठाणे जिला परिषद द्वारा कार्यान्वित अभिनव पहलों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई गई है। बैठक में विधायक किसन कथोरे, विधायक सुलभा गायकवाड़, ग्राम विकास विभाग के सचिव एकनाथ डवले, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, उप सचिव प्रशांत पाटिल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुंबईः ट्यूशन टीचर ने की खराब लिखावट के कारण छात्र की बेरहमी से पिटाई; मोमबत्ती से जला भी दिया

**मुंबईः** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक प्राइवेट ट्यूशन टीचर ने केवल खराब लिखावट के कारण 7 साल के मासूम छात्र की न केवल बेरहमी से पिटाई की, बल्कि उसके हाथों को मोमबत्ती से जला भी दिया। यह सनसनीखेज घटना मुंबई के मलाड इलाके के कुरार विलेज की है, जहां आरोपी टीचर एक पॉश बिल्डिंग में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। मामला तब सामने आया जब पीड़ित बच्चा रोता-बिलखता अपने घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती सुनाई।

बच्चे के दोनों हाथों पर जलने के निशान थे। इन निशानों को देखकर परिजन सन्न रह गए। उन्होंने बिना देर किए कुरार पुलिस स्टेशन पहुंचकर आरोपी टीचर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले पर जल्द कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला टीचर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 324 के तहत मामला दर्ज किया है।

## टीचर का गंदा खेल...पहले छात्र से इंस्टा पर चैट, फिर की अश्लील वीडियो कॉल, हो गई गिरफ्तार

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 35 साल की महिला टीचर, 10वीं क्लास के एक लड़के के साथ हाफ न्यूड होकर अश्लील वीडियो चैटिंग करती थी। जब लड़के की मां को इस बारे में पता लगा तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद आरोपी महिला टीचर को गि-रफ्तार कर लिया गया। नवी मुंबई में एक नाबालिग लड़के के साथ अश्लील चैटिंग करने



वाली शिक्षिका को कोपरखैरने पुलिस ने गि-रफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया था, कोर्ट ने उसे 1 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि आखिर महिला, उस नाबालिग बच्चे के अलावा और कितने लोगों से इस तरह की हरकत करती थी। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब नाबालिग लड़के की मां ने मोबाइल में महिला का अर्ध नग्न वीडियो देख लिया। कोपरखैरने पुलिस स्टेशन के अंतर्गत रहने वाले एक नाबालिग लड़के की पहचान इंस्टाग्राम पर उल्वे क्षेत्र में रहनेवाली 35 वर्षीय महिला से हुई थी। समय के साथ उनकी जान-पहचान दोस्ती में बदल गई। 27 तारीख को रात करीब 9 बजे दोनों के बीच वीडियो चैट हुई, जिसमें नाबालिग लड़के ने अर्धनग्न अवस्था में महिला का वीडियो सेव कर लिया था।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com